# आरबीआई के सहयोग से बीजापुर में वित्तीय साक्षरता सप्ताह आयोजित, महिलाओं को मिली सुरक्षित बैंकिंग की सीख



बीजापुर 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। भारतीय रिजर्व बैंक एवं समर्पित संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 13 फरवरी को जिला पंचायत सभागार में वित्तीय साक्षरता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं विभिन्न वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में कार्तिक राम बाँधेकर ने बताया कि वर्तमान समय में वित्तीय शिक्षा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इसके माध्यम से व्यक्ति अपने एवं अपने परिवार की आर्थिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित कर सकता है। उन्होंने कहा कि बैंक से जुड़ा प्रत्येक उपभोक्ता अपने जमा धन और निवेश की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का अधिकार रखता है। यदि बैंक प्रबंधन जानकारी देने में असफल रहता है तो उपभोक्ता को तत्काल बैंकिंग लोकपाल से संपर्क करना चाहिए। कार्यक्रम में रायपुर आरबीआई से एलडीआ नवीन तिवारी, कमल तथा अग्रणी बैंक से अमृत कुमार इक्का सहित एनआरएलएम के बीपीएम उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बताया कि वित्तीय साक्षरता के अभाव में लोग चिटफंड कंपनियों, ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी, दूरभाष के माध्यम से एटीएम जानकारी साझा करने जैसी ठगी का शिकार हो रहे हैं। इन जोखिमों से बचाव हेतु जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

बताया गया कि वर्ष 2026 का वित्तीय साक्षरता सप्ताह 9 से 13 फरवरी तक मनाया गया, कार्यक्रम में बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया, उसका संचालन, बचत योजनाएँ, वित्त प्रबंधन, बैंक ऋण, ऋण उपभोक्ताओं के अधिकार, जमाकर्ताओं के अधिकार, बैंकिंग लोकपाल, चिटफंड कंपनियों एवं नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

इस कार्यशाला में महिला स्व.सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे वित्तीय शिक्षा का प्रसार जमीनी स्तर तक सुनिश्चित हो सके।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के लिए छत्तीसगढ़ में केवल एक संस्था का चयन किया गया है, जिसमें समर्पित संस्था को स्थान मिला है। यह छत्तीसगढ़ की एकमात्र चयनित संस्था है। कार्यक्रम की सफलता में संस्था के ब्लॉक काउंसलर विनोद काका, विजय लक्ष्मी तथा ऑफिस इंचार्ज मनीषा बिनाबोइना का सराहनीय योगदान रहा।

# मुरतोंडा व गादीरास में बाल विवाह रोकथाम हेतु व्यापक जागरूकता अभियान



सुकमा, 17 फरवरी 15 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में जिले में संचालित च्बाल विवाह मुक्त भारतज्ज् के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरतोंडा एवं गादीरास में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्री अमित कुमार के निर्देशानुसार तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री शिवदास नेताम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर प्रभावी रोकथाम एवं बाल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर बाल संरक्षण विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा उपस्थित ग्रामीणों को बाल विवाह न करने एवं न होने देने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का पुनर्गठन भी किया गया, जिससे गांव स्तर पर बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों की निगरानी को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी को बाल विवाह रोकथाम से संबंधित कानूनी प्रावधानों, दुष्परिणामों एवं शिकायत की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर प्रशासन द्वारा त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी।महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम से संरक्षण अधिकारी सुश्री मनीषा शर्मा, परियोजना समन्वयक श्री अमित मरावी, चाइल्ड लाइन सुपरवाइजर सुश्री मल्लिका सोड़ी तथा केस वर्कर श्रीमती गमेश्वरी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। टीम ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

# माओवादियों द्वारा जमीन के भीतर डंप कर रखे गए विस्फोटक एवं अन्य सामग्री बरामद




बीजापुर 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। जिले में माओवादियों के विरुद्ध संचालित प्रभावी नक्सल विरोधी अभियानों के अंतर्गत थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत केरिपु 229 वाहिनी की टीम द्वारा ताड़पाला बेस एरिया में सघन सर्च कार्यवाही करते हुए ताड़पाला बेस के दक्षिण दिशा की ओर नाला के पास लगाए गए 02 नग IED बरामद किए गए। इनमें से 01 IED बियर बॉटल में तथा 01 IED क्त्ररु में प्लांट किया गया था।

आगे की सघन सर्चिंग के दौरान माओवादियों द्वारा जमीन के भीतर डंप कर रखे गए विस्फोटक एवं अन्य माओवादी सामग्री क्त्ररु 40 नग, क्त्ररु राउंड 35 नग, बैटरी 90 नग, डायरेक्शन IED निर्माण हेतु लोहे की पाइप 07 नग, कच्चा ग्रेनेड बनाने की सामग्री, लोहे की प्लेट, लेथ मशीन के पाट्‌र्स, आयरन कटर ब्लेड, प्लास्टिक ड्रम, स्टील ट्रंक, वाटर पंप, साबुन, डिटर्जेंट पाउडर, मैगजीन पाउच एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री को सुरक्षा बलों द्वारा बरामद किया गया।

इसी क्रम में केरिपु 22 वी एवं केरिपु 214 वाहिनी की संयुक्त टीम द्वारा थाना भोपालपटनम् क्षेत्रान्तर्गत कोंडापड़गु क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन एवं डिमाइनिंग कार्यवाही के दौरान माओवादियों द्वारा जमीन में लगाकर रखे गए 04 नग बियर बॉटल IED बरामद किए गए। बरामद सभी ढ्ढश्वष्ठ को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मौके पर ही सुरक्षित रूप से नष्ट किया गया।

थाना उसूर क्षेत्रांतर्गत केरिपु 229/ई द्वारा एरिया डॉमिनेशन के दौरान कमलापुर के जंगलों में माओवादियों द्वारा निर्मित अवैध माओवादी स्मारक एवं केरिपु 222 द्वारा थाना गंगालूर क्षेत्र के कोरचोली में निर्मित अवैध माओवादी स्मारक को नष्ट किया गया। जिले में माओवादी संगठन के विरुद्ध कार्यवाहियां लगातार जारी है

# छग के पत्रकारों ने नाथुला दर्रा के सैनिक पोस्ट का किया भ्रमण

**सिक्किम से दण्डकारण्य समाचार प्रतिनिधि टिंकेश्वर तिवारी**



गंगटोक/ जगदलपुर, 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम में भारत और चीन (तिब्बत)की सीमा को जोड़ने वाला नाथुला दर्रा सन 1967 में भारतीय वीर सैनिकों की अदम्य साहस एवं वीरता का परिचायक है। यहां भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों को पीछे हटने को मजबूर कर दिया था।

यह जहां राष्ट्रीय सुरक्षा व संप्रभुता को लेकर महत्वपूर्ण है वहीं भारत और चीन सैन्य संघर्ष के महत्वपूर्ण घटना का साक्षी रहा है। गर्व का विषय है कि यहां ऊंची पहाड़ियों पर भारतीय सैनिकों की तैनाती से चीनी सैनिक डिफेंस की स्थिति में हैं। सामरिक महत्व के इस स्थल व भारतीय सैनिकों की वीरता से रूबरू कराने, राष्ट्र प्रेम, देश भक्ति एवं चेतना जागने के उद्देश्य प्रधानमंत्री रणभूमि दर्शन योजना की शुरुआत की गई है। जिसके तहत इसे पर्यटन के लिए खोल दिया गया है, जिससे सैकड़ों लोग आज यहां पहुंच रहे हैं। पीआईबी के नेतृत्व में छग के समाचार प्रतिनिधियों के दल ने 17 फरवरी 2026 को भारत चीन तिब्बत सीमा पर स्थित नाथुला दर्रा के सैनिक पोस्ट का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान देखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस योजना से यहां पहुंचने वाले लोग जमकर सराहना कर रहे हैं। पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम की राजधानी गंगटोक से 54 किलोमीटर दूर स्थित हिमालय की दुर्गम पर्वतीय बर्फीली वादियों में स्थित नाथुला दर्रा की 4 से माइनस 12 डिग्री टेंपरेचर तक पहुंचने वाली रूह कपा देने वाली ठंड के बीच जब भारतीय यहां पहुंचते हैं तो तैनात सैनिकों को देख हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है और बरबस ही हाथ उन्हें सैल्यूट करने उठ खड़े होते हैं।

नाथुला दर्रा को 1962 में हुए भारत चीन सीमा युद्ध के बाद बंद कर दिया गया था किंतु सन 2006 में इस को सीमित व्यापार के लिए खोला गया था। जिसे पुनः बंद कर दिया गया। कैलाश मानसरोवर की यात्रा इसी मार्ग से की जाती रही है जो कोविड 2020 के बाद से बंद था किंतु 2025 में पुनः खोला गया और पिछले वर्ष भारतीयों का एक दल वहां गया था। समुद्र तल से 14140 फीट ऊंचाई पर स्थित है। देखा गया है कि भारत चीन सीमा पर सुरक्षा एवं चीन के रवैया को लेकर अक्सर सवाल खड़ा कर दिया जाता हैं। भारतीय सीमा पर चीन के घुसने जैसा आरोप भी लगा दिया जाता है किंतु हकीकत से यह जुदा है। यह तब निर्मूल साबित होती है जब आप स्वयं यहां पहुंचते है।

मीडिया दल से हुई चर्चा में सैन्य अधिकारी ने बताया कि आधिकारिक स्तर पर भारतीय सैन्य अधिकारी एवं चीनी सैन्य अधिकारी के मध्य नाथुला स्थित भारतीय कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रतिवर्ष पांच बैठके एवं उनके कॉन्फ्रेंस हॉल में तीन बैठके होती है। यदि आवश्यक हो तो दोनों के मध्य इसके अलावा भी चर्चा की जाती है जिससे दोनों के मध्य समन्वय बना रहता है।

इस दौरान पीआईबी गंगटोक के सहायक निदेशक मानस पी शर्मा एवं पीआईबी रायपुर के सहायक निदेशक सुदीप्तो ने नाथुला में तैनात सुरक्षा बलों के अधिकारियों से दल का परिचय कराया। नाथुला में तैनात कैप्टन देव शर्मा ने दल को नाथुला दर्रा के विभिन्न पहलुओं, ऐतिहासिक महत्व, सामरिक स्थिति और पर्यटन से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।

सिक्किम में केंद्र प्रायोजित योजनाओं और बॉर्डर टूरिज्म की प्रगति को समझने के लिए आयोजित भ्रमण में उच्च हिमालयी क्षेत्र में सेना की चुनौतियों और पर्यटन विकास की संभावनाओं पर गहन चर्चा की। बहरहाल भारत सरकार की रण भूमि दर्शन योजना के चलते लोग यहां पहुंच रहे हैं और इतिहास में दर्ज भारतीय सैनिकों की गौरव गाथा से रूबरू हो रहे हैं। जहां भारत और चीन (तिब्बत) के मध्य निर्मित शांति उन्हें सुकून दे रही है।

# दोरनापाल की गलियों में जब खुद उतरा प्रशासन

**✷ खिल उठे बच्चों के चेहरे और जगी विकास की नई उम्मीद**

**✷ अभिभावक बनकर बच्चों और मरीजों के पास पहुंचे कलेक्टर**



सुकमा, 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। आमतौर पर रविवार का दिन विश्राम का माना जाता है, लेकिन अमित कुमार के लिए यह दिन भी जनसेवा को समर्पित रहा। सुकमा कलेक्टर ने अवकाश के दिन मैदानी दौरा कर यह संदेश दिया कि प्रशासन यदि फाइलों से निकलकर जमीनी हकीकत से जुड़ जाए, तो विकास की रफ्तार खुद-ब-खुद तेज हो जाती है।

अस्पताल में सख्ती भी, संवेदनशीलता भी

दोरनापाल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर का व्यक्तित्व एक सख्त प्रशासक और एक जिम्मेदार अभिभावक दोनों रूपों में दिखाई दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, बिजली-पानी व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों के लिए कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा लंबित जेएसवाई भुगतान में तेजी लाने को कहा। उनका स्पष्ट संदेश था इलाज के लिए आए किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को असुविधा न हो। इसके साथ ही, उन्होंने शत-प्रतिशत टीकाकरण और सुरक्षित संस्थागत प्रसव पर विशेष जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ भविष्य की नींव आज की सजगता से ही रखी जाती है।

# 18 फरवरी को प्लेसमेंट कैम्प 980 पदों पर होगी भर्ती

कोण्डागांव, 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। जिला प्रशासन कोण्डागांव द्वारा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने हेतु 18 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प के माध्यम से कुल 980 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को नियोजक द्वारा निर्धारित अवधि का प्रशिक्षण प्रदान कर नियोजन किया जाएगा।

कैम्प में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहकर साक्षात्कार के माध्यम से चयन करेंगे। जिसमें एलएंडटी द्वारा निर्माण परियोजनाओं हेतु बढ़ई के 50 पद, राजमिस्त्री के 50 पद, बार बेंडिंग के 50 पद एवं स्टील फिक्सिंग के 50 पद, इलेक्ट्रिकल के लिए 50 के लिए भर्ती की जाएगी।

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से रूबरू हुई छग मीडिया**

# पत्रकारिता व्यक्ति के दृष्टिकोण और समाज को दिशा देता है-असित राय

गंगटोक/जगदलपुर, 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। सिक्किम स्थित आईपीआर मुख्यालय सूचना भवन में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अध्यक्ष अशित राय एवं सचिव अन्नपूर्णा आले समेत अन्य अधिकारीयों से छत्तीसगढ़ से यहां पहुंचे मीडिया दल ने भेंट की जिसमें विभाग की गतिविधियों एवं मीडिया की कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर विभाग के अध्यक्ष असित राय ने कहा कि पत्रकारिता व्यक्ति के दृष्टिकोण एवं समाज को दिशा देता है जिसमें राजनीति भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि राजनीति में आने से पूर्व उन्होंने भी पत्रकारिता की है। छत्तीसगढ़ से पीआईबी रायपुर के नेतृत्व में सिक्किम पहुंचे मीडिया दल को संबोधित करने से पूर्व छत्तीसगढ़ से सिक्किम आए मीडिया दल के सदस्यों का स्वागत किया और सिक्किम सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



उल्लेखनीय है कि पीआईबी रायपुर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ से पहुंचे 12 सदस्यीय दल का स्वागत सिक्किम की राजधानी गंगटोक के सूचना भवन में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। इस कार्यक्रम में सिक्किम सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अध्यक्ष अशित राय, सचिव अन्नपूर्णा आले समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संयोजन पीआईबी गंगटोक के सहायक निदेशक मानस पी शर्मा ने किया। प्रारंभ में पीआईबी रायपुर के सहायक निदेशक सुदीप्तो ने मीडिया दल के सदस्यों का परिचय कराया । इसके बाद पीआईबी रायपुर में यंग प्रोफेशनल पद पर कार्यरत पुरुषोत्तम झा ने छत्तीसगढ़ का स्मृति चिन्ह और वरिष्ठ पत्रकार रमेश पांडेय ने छत्तीसगढ़ी गमछा प्रदान कर सिक्किम के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अध्यक्ष और सचिव का सम्मान प्रकट किया। छत्तीसगढ़ के मीडिया दल की ओर से वरिष्ठ पत्रकार संदीप प्रधान ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता की झलक प्रस्तुत किया। इसके बाद दोनों पक्ष के सदस्यों ने अपनी अपनी जिज्ञासाओं से संबंधित सवाल जवाब किया। दोनों पक्ष के सदस्यों ने डिजिटल मीडिया की प्रभावकारी प्रस्तुति, उसकी नियमावली व पत्रकारिता से संबंधित अन्य चुनौतियों के बारे में विचार विमर्श किया। छत्तीसगढ़ के मीडिया दल ने सिक्किम की मेहमाननवाजी और गुणवत्तापूर्ण चर्चा के लिए आभार जताया।

# दूरस्थ विद्यालयों तक पहुंचेगी "एसटीईएम" शिक्षा की रोशनी

**✷ विज्ञानदूत, मोबाइल एसटीईएम बाइक पहल का दंतेवाड़ा में शुभारंभ**

दंतेवाड़ा, 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं शिक्षार्थ ट्रस्ट की संयुक्त पहल विज्ञानदूत ,मोबाइल एसटीईएम बाइक का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अभिनव कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के कुआकोंडा विकासखंड के दूरस्थ एवं वंचित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों तक एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी एवं गणित) शिक्षा को सुलभ, रोचक एवं प्रभावी ढंग से पहुँचाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, डीएमसी हरीश गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने इस पहल को जिले में गुणवत्तापूर्ण एवं नवाचारी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम बताया। परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षित स्थानीय युवा एसटीईएम शिक्षण किट से सुसज्जित मोटरसाइकिलों के माध्यम से चयनित 13 विद्यालयों में पहुँच कर विद्यार्थियों के साथ प्रायोगिक एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण सत्र संचालित करेंगे। इन सत्रों के जरिए बच्चों में जिज्ञासा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान क्षमता तथा नवाचार की भावना को विकसित किया जाएगा।

# ग्राम पासेवाडा मे ग्रामीणों के मध्य अग्नि सुरक्षा और वन्यजीव सरंक्षण पर जागरूकता अभियान चलाया गया



बीजापुर 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। पासेवाड़ा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पासेवाड़ा में 15 फरवरी को ग्रामीणों के मध्य उपस्थित होकर अग्नि सुरक्षा एवं वन्य प्राणी संरक्षण जागरूकता अभियान का सफलतापूर्वक एवं सुचारू संपादन किया गया।

अभियान के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को वनाग्नि की रोकथाम, आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों तथा वन्य जीवों के संरक्षण के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, वन क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं को रोकने, अवैध शिकार पर नियंत्रण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु सभी को जागरूक एवं सहयोगी बनने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा सक्रिय सहभागिता प्रदर्शित की गई तथा वन संरक्षण के प्रति सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया गया।

# विधायक ने ग्राम पुसावण्ड और बड़ेबंजोड़ा को दी विकास कार्यों की सौगात

कोंडागांव, 17 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री लता उसेंडी ने शनिवार को ग्राम पुसावण्ड में कुल 17.15 लाख रुपए की लागत के दो विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इन कार्यों में आश्रित ग्राम काकड़गांव मातागुड़ी के पास 3 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सांस्कृतिक भवन का भूमिपूजन तथा 14.15 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार विधायक सुश्री उसेंडी ने ग्राम बड़ेबंजोड़ा में भी कुल 06 लाख रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच सूरज पोयाम, जनपद सदस्य फरसूराम नेताम, इंदलराम यादव, हितेश झा,सहित पंचगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।